# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय

## सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462004

क्रमांक 1835/........../आउशि/शा.　　　　　　　　　　　　भोपाल, दिनांक 27-06-2025

प्रति,

1. कुल सचिव, समस्त शासकीय/अशासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश।
3. समस्त प्राचार्य, समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश।

विषय :- प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में दीक्षारंभ समारोह मनाये जाने के संबंध में निर्देश।

--00--

उपरोक्त विषय में विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह 1 जुलाई 2025 से तीन दिवसीय मनाया जाना है।

दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है।

इस संबंध में शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिये जाते हैं कि वे कार्यक्रम में समाजीकरण, संबद्ध होना, अभिशासन और अनुभव के आयामों को समाहित करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के नव प्रवेशित विद्यार्थी, संस्थानों के प्रमुख, महत्वपूर्ण अधिकारी/प्रशासनिक कर्मचारी, संकाय मार्गदर्शक, एन.सी.सी., एन.एस.एस., चयनित पूर्व-छात्र, छात्र परिषद्/संगठन, चयनित वरिष्ठ छात्र, सिविल समाज, आमंत्रित विशिष्ट व्यक्ति, शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा की गई गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन फोटोग्राफ एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित कार्यक्रम संबंधी समाचार की छायाप्रतियाँ सहित विषय सामग्री को समेकित रूप से दिनांक 08/07/2025 तक उच्च शिक्षा संचालनालय के ईमेल **deeksharambh.dhe.2024@gmail.com** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(निशांत वरवड़े)
आयुक्त
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

क्रमांक 1836/........../आउशि/शा. भोपाल, दिनांक 27-6-2025

प्रतिलिपिः-

1. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।

27.06.25
आयुक्त
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश